दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 328 मुरादाबाद 31 March 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अरविंद केजरीवाल का मर्डर करना चाहती है BJP, सिसोदिया का सनसनीखेज आरोप



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की हत्या की कोशिश की जा रही है। सिसोदिया ने कहा कि बीजेपी केजरीवाल को हरा नहीं सकती है, इसलिए मारना चाहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के घर के बाहर भाजयुमो के प्रदर्शन को सिसोदिया ने केजरीवाल के हत्या का प्रयास बताया और कहा कि यह प्री-प्लांड था। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के घर पर हमले का दावा करते हुए कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की जीत और भाजपा की हार की वजह से बीजेपी केजरीवाल का मर्डर करना चाहती है। पुलिस जानबूझकर बीजेपी के गुंडों को सीएम केजरीवाल के आवास तक लेकर गई। उन्होंने सीएम आवास के सामने सीसीटीवी कैमरा और बैरियर तोड़ डाले। सिसोदिया ने कहा कि सोची-समझी साजिश के तहत अरविंद केजरीवाल के ऊपर हमला किया गया। उनकी हत्या कराने के लिए किया गया। मैं बीजेपी को कहना चाहता हूं कि अरविंद केजरीवाल को हाथ लगाने की कोशिश मत करो। इस तरह से हमला करके उनकी हत्या करवाने की साजिश करोगे यह देश बर्दाश्त नहीं करेगा। आज भाजपा ने जिस तरह जानलेवा हमला किया है। पुलिस लेकर गई बैरियर के पास। सीसीटीवी तुड़वाए गए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब में हार की वजह से, पंजाब में 0 सीट मिली है भाजपा को और आप की प्रचंड जीत हुई है। उससे भाजपा बौखला गई है। केजरीवाल जी को जब चुनाव में नहीं हरा पा रही है तो उनकी हत्या कराना चाहती है।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता केजरीवाल के आवास पर द कश्मीर फाइल्स पर दिए गए उनके बयान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ता बैरियर तोड़कर गेट तक पहुंच गए और उन्होंने काले रंग के गेट पर लाल पेंट कर दिया। सीसीटीवी को भी नुकसान पहुंचाया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सार्वजनिक किया गया है, जिसमें भाजयुमो के कार्यकर्ता गेट पर पेंट लगाते और हंगामा करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने करीब 70 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा पेपर लीक की एसटीएफ ने शुरू की जांच, दोषियों पर लगेगा एनएसए

यूपी बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच शुरू कर दी है। सीएम योगी ने पूरे मामले को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोषियों पर एनएसए की कार्रवाई का आदेश का दिया है। उधर, जांच शुरू होने के साथ ही बलिया के डीआईओएस व प्रधानाचार्य के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर दी गई है। दरअसल, यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट का अंग्रेजी विषय का पर्चा बलिया में लीक होने के कारण 24 जिलों में परीक्षा निरस्त कर दी गई है। परीक्षा बुधवार को दूसरी पाली में होनी थी। माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला ने यह जानकारी दी है। बलिया में बुधवार को दूसरी पाली में आयोजित इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की सीरीज 316 ई डी और 316 ई आई का प्रश्न पत्र लीक हो गया। इस सीरीज के पर्चे जिन ज़िलों में गए थे उन सभी 24 जिलों में परीक्षा निरस्त की गई है। यूपी बोर्ड के सभापति विनय कुमार पांडे ने कहा है कि इन 24 जिलों में निरस्त की गई परीक्षा



को आयोजित कराने की तारीख में शीघ्र ही घोषित की जाएगी।

### इन जिलों में परीक्षा निरस्त हुई

-बलिया, एटा, बागपत, बदायूं, सीतापुर, कानपुर देहात, ललितपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, गोंडा ,आजमगढ़, आगरा, वाराणसी, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, शामली, रामपुर, उन्नाव, जालौन, महोबा अंबेडकरनगर और गोरखपुर

### अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा, कहा- रोजगार देने में नाकामी है वजह

यूपी बोर्ड के 12वीं कक्षा का पेपर लीक हो गया है। बुधवार को अंग्रेजी का पेपर लीक होने की वजह से 24 जिलों में परीक्षा रद्द कर दी गई है। इस बीच, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है। उन्होंने पेपर लीक को व्यवसाय बताते हुए कहा कि रोजगार देने में नाकाम भाजपा सरकार जानबूझकर ऐसा किया है। अखिलेश यादव ने पेपर लीक की खबर को साझा करते हुए ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार की दूसरी पारी में भी पेपर लीक करवाने का व्यवसाय बदस्तूर जारी है। युवा कह रहे हैं कि रोजगार देने में नाकाम भाजपा सरकार जानबूझकर किसी परीक्षा को पूर्ण नहीं होने देना चाहती है। भाजपा सरकार अपने इन पेपर माफ़ियाओं पर दिखाने के लिए सही, कागज का ही बुलडोजर चलवा दे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश बोर्ड की कक्षा 12 की अंग्रेजी भाषा की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद बुधवार को 24 जिलों में परीक्षा रद्द कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। परीक्षा बुधवार को दोपहर 2 बजे से होनी थी। मामले की पुष्टि करते हुए अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा) आराधना शुक्ला ने बताया, राज्य के 24 जिलों में इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की अंग्रेजी परीक्षा रद्द कर दी गई है।

## कर्नाटक में हिजाब के बाद अब "हलाल" पर विवाद

कर्नाटक में हिजाब विवाद के बाद हलाल मीट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. राज्य में कुछ दक्षिणपंथी संगठनों ने हलाल मीट के बहिष्कार का आह्वान किया है. अब राज्य सरकार ने भी इसको लेकर प्रतिक्रिया दी है.कर्नाटक में हिंदू जन जागृति ने हलाल मीट के बायकॉट का ऐलान किया था, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने मंगलवार को हलाल खाने को 'आर्थिक जिहाद' तक कह दिया था. दक्षिण भारत में नववर्ष के रूप में उगादी पर्व मनाया जाता है. हिंदू जन जागृति ने हिंदुओं से उगादी के मौके पर हलाल मीट नहीं खाने की अपील की है. साफा नाम के ट्विटर हैंडल पर शेयर की गई एक वीडियो पोस्ट में मोहन गौड़ा नाम के हिंदू नेता कहा कि हलाल किए गए मीट को खाना हिंदू धर्म के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि यह हिंदुओं का आचरण नहीं है. उन्होंने दावा किया कि हलाल



सर्टिफिकेट के माध्यम से भारत में हजारों करोड़ रुपये का कारोबार किया जा रहा है और इसके पैसे से देश को इस्लामिक केंद्र बनाने की साजिश हो रही है. उन्होंने सभी हिंदुओं से हलाल मीट और हलाल प्रोडक्स के बहिष्कार का आह्वान किया. वहीं कर्नाटक के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने एक अजीबो गरीब बयान दिया है. उन्होंने कहा, इस तरह की प्रतिक्रियाओं की वजह मुसलमानों का वह विरोध है, जो उन्होंने हिजाब को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ किया. कानून व्यवस्था अगर बिगड़ती है तो मेरा मंत्रालय कार्रवाई करेगा वहीं कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी के पास मुद्दे नहीं है और वह इस तरह के मुद्दे को लाती है जिससे लोगों को बांटा जा सके और चुनाव में जीत हासिल हो सके. इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई से जब हलाल विवाद पर पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा, यह (हलाल मुद्दा) अभी शुरू हुआ है. हमें समग्रता से अध्ययन करना है, क्योंकि इसका किसी नियम से कोई लेनादेना नहीं है. यह एक प्रथा है जो चल रही थी. अब इसको लेकर गंभीर आपत्ति जताई गई है. हम उस पर गौर करेंगे॰ साथ ही उन्होंने कहा कि जहां तक उनकी सरकार का सवाल है उसके केवल विकास के पंख हैं और कोई दक्षिणपंथी या वामपंथी नहीं है. चीन के शिनजियांग में हलाल के खिलाफ भी अभियान हिंदू संगठनों का कहना है कि हलाल मीट हिंदू देवता को नहीं चढ़ाया जाना चाहिए. उगादी त्योहार के अगले दिन एक परंपरा के तहत हिंदू देवी-देवताओं को मांस चढ़ाया जाता है.यह परंपरा कर्नाटक के मैसूर, रामनगर और मांड्या जिलों में मनाई जाती है. कई हिंदू परिवार प्रसाद के रूप में इस दिन मीट भी खाते हैं. कुछ दिनों पहले कर्नाटक के कुछ हिस्सों में हिंदू धार्मिक मेलों के दौरान मंदिरों के आसपास मुस्लिम दुकानदारों पर प्रतिबंध के बाद अब हलाल मीट का विवाद खड़ा हो गया है. इस्लामोफोबिया पर यूएन में पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित, भारत की आपत्ति कर्नाटक में पिछले साल दिसंबर से ही कॉलेज परिसरों में लड़कियों द्वारा हिजाब पहनकर आने को लेकर विवाद चल रहा है. कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब पर अपने फैसले में कहा है कि हिजाब इस्लाम के अनिवार्य धार्मिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है और इस तरह संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षित नहीं है.

# दो सगी बहनों के बीच हुए विवाद में युवती ने खाया जहर, हालत गम्भीर



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा,श्रावस्ती- जिले के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के मोहम्मद अली पुरवा मे दो सगी बहनों के बीच किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी के विवाद में तब्दील हो गया जिससे आहत होकर युवती ने जहर खा लिया जिसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत किशुनपुर चन्दनबाड़ी के मजरा मोहम्मद अली पुरवा निवासी जमील अहमद की छोटी बेटी 16 वर्षीय साकरुन जहाँ और बड़ी बेटी जुबैदा के बीच में किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी विवाद में तब्दील होकर दोनों सगी बहनों के बीच मारपीट हो हुई जिससे आहत होकर छोटी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ते देख युवती की परिजनों द्वारा उसे एम्बुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने युवती की हालत गम्भीर देख उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया जहाँ पर हालत में सुधार होता न देख डॉक्टरो उसे बहराइच ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।वही युवती की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों में हड़कम्प मचा हुआ।युवती के जहरीला पदार्थ खाने से गांव व आसपास के इलाके में भी सनसनी फैला हुआ है।

www.knlslive.com

# लापता युवक राजस्थान से 20 वर्ष बाद सकुशल पहुंचा अपने घर

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती-इकौना - कस्बा इकौना का एक युवक 20 वर्ष पूर्व दिमागी संतुलन खराब होने के कारण गोरखपुर में दवा इलाज के दौरान भटक गया था जिसे स्थानीय थाना प्रभारी निरीक्षक एवं राजस्थान उदयपुर अपना सेवा आश्रम बझेरा के सहयोग से उनके पुत्रों ने राजस्थान उदयपुर अपना घर सेवाश्रम जाकर वापस घर लाया गया ।स्थानीय पुलिस ने पूछताछ कर आश्रम से लाए गए वृद्ध को परिजनों के हवाले करते हुए उनकी सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया है । कस्बा इकौना मोहल्ला चौक बाजार निवासी शिव कुमार गुप्ता पुत्र राम लखन गुप्ता उम्र लगभग 64 वर्ष को अपना घर सेवा आश्रम बझेरा उदयपुर( राजस्थान )से स्थानीय थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के माध्यम से उनके पुत्र नवल किशोर गुप्ता ने अपने रिश्तेदारों के साथ घर लाया गया है । शिव कुमार गुप्ता की दिमागी संतुलन खराब होने के कारण लगभग 20 वर्ष पूर्व वर्ष 2002 गोरखपुर मे अपनी दवा कराने के लिए पत्नी कंचना एवं रिश्तेदार के साथ गए हुए थे । वापस लौटते समय ट्रेन से किसी रेलवे स्टेशन पर उतर गए । उनके साथ दवा कराने गई पत्नी और रिश्तेदार को उतरने की जानकारी नहीं हो सकी । ट्रेन काफी दूर निकल जाने के बाद युवक उनके पास नहीं मिले तो उनकी तलाश शुरू कर दी थी । तभी से शिव कुमार गुप्ता गायब चल रहे थे उनकी पत्नी कंचना व रिश्तेदारों के साथ इनकी तलाश में काफी दूरदराज क्षेत्र गोरखपुर में तलाश करने के बावजूद भी इनको ढूंढ नहीं सकी थी और अपनी पति शिव कुमार के गम में 4 साल पहले उनकी मृत्यु हो गई ।एक सप्ताह पूर्व थाना इकौना पर अपना घर आश्रम उदयपुर ( राजस्थान ) से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के बीच संपर्क के दौरान 20 वर्ष पूर्व गायब हुए वृद्ध शिव कुमार गुप्ता पुत्र राम लखन गुप्ता मोहल्ला चौक बाजार की जानकारी मिलने पर उनके पुत्र नवल किशोर, राज किशोर एवं छोटू नाम की जानकारी लेकर कस्बा इकौना मे सम्पर्क करके पता कराया गया । प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित परिवार को सूचना देकर अपनी देखरेख में लापता युवक को लाने के लिए अपना घर आश्रम उदयपुर ( राजस्थान )भेज कर वापस इकौना लाया गया है । लापता युवक शिवकुमार गुप्ता की उम्र लगभग 64 वर्ष हो जाने से पास पड़ोस के लोगों की पहचान भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं और दिमागी संतुलन पूर्ण रूप से ठीक नही है । वृद्ध ने बताया कि गोरखपुर मे विजली का करंट लगने से जान बचायी गयी । इसके बाद गुजरात के सूरत शहर के आश्रम में रहकर कई वर्ष व्यतीत किया इसके बाद अपना घर सेवाश्रम उदयपुर राजस्थान के 16 वर्ष रहकर दवा इलाज आश्रम के द्वारा चलाई जा रही थी । वही से गायब वृद्ध के छः बहन, तीन पुत्र ,एक पुत्री है । फिर हाल गायब हुए युवक के तीनों पुत्र में नवल किशोर गुप्ता 8 वर्ष लगभग, राज किशोर गुप्ता 5 वर्ष लगभग, छोटू उम्र लगभग 2 वर्ष के समय से गायब हो गए थे । उनके वापस आने पर उनके दो पुत्र नवल किशोर गुप्ता व राज किशोर गुप्ता व एक पुत्री की शादी हो चुकी है । जिनके घर मे तीन पौत्र पौत्री व दो नाती जन्मे है । उनके तीसरे पुत्र छोटू की शादी 3 मई 2022 को निश्चित है । उनके घर आने से परिवार में काफी खुशी का माहौल है । इकौना नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र , आसपास व मोहल्ले के लोगों को गायब शिवकुमार गुप्ता के वापस आने की सूचना पाकर मिलने का तांता लगा हुआ है ।

# कल्याणी नदी की सफाई के लिए दो तरफ से जेसीबी मशीन उतारी गई

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त राजू जी और राज देव जी की उपस्थिति में कल्याणी नदी की सफाई के लिए दो तरफ से जेसीबी मशीन उतारी गई तथा भारी मात्रा में कूड़े इत्यादि को निकाला गया प्रयास है कि अगले एक माह में कल्याणी नदी की सूरत में परिवर्तन लाया जा सके नगर निगम रूद्रपुर द्वारा एडवांस में ही नदी की सफाई कर आपदा संबंधी समस्याओं से तथा जलभराव संबंधी आशंकाओं से निपटने की कार्यवाही की जा रही है

# दि मेडीसिटी अस्पताल के पास निर्माण किये जा रहे पुलिया व सड़क का निरीक्षण किया-जिला अधिकारी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने आज एनएच-74 रूद्रपुर तीन पानी निकट दि मेडीसिटी अस्पताल के पास निर्माण किये जा रहे पुलिया व सड़क का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायि संस्था को निर्देश दिये कि पांच दिन के भीतर पुलिया व सड़क तैयार कर वाहनो का आवागमन प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि दि मेडिसिटी अस्पताल की ओर जाने वाले वैकल्पिक मार्ग को भी तैयार कर सुचारू रखे ताकि किसी को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। कार्यदीयि संस्था के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि एक साईड पुलिया निर्माण का कार्य पुरा हो गया जिसे आज प्रारम्भ कर दिया जायेगा तथा दूसरी साईड पुलिया व सड़क का निर्माण कार्य तीन दिन के भीतर पुरा करते हुये प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

# जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने कलक्टेऊ्रट स्थित जिला खनन कार्यालय को औचक निरीक्षण किया


दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने कलक्टेऊ्रट स्थित जिला खनन कार्यालय को औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान रैक व अलमारी में रखी पत्रावलियों को खुलवाकर बारीकी से देखा व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने उप निदेशक खनन अमित गौरव को निर्देश दिये कि पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखे व साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होने ने निर्देश देते हुये कहा कि अलमारी व रैक में रखी फाईलो की सूची भी चस्पा करें। उन्होने कहा कि कही पर भी अवैध खनन न हो इसका विशेष ध्यान रखे व क्षेत्रों में निरंतर छापेमारी अभियान चलाते रहे। उप निदेशक खनन अमित गौरव ने बताया कि रायल्टी आदि से पिछले वर्ष जनवरी 2021 तक 34 करोड़ 83 लाख राजस्व प्राप्त हुआ था, इस वर्ष जनवरी 2022 तक 40 करोड़ 39 लाख राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 ललित नारायण मिश्र, तहसीलदार नितेश डागर, खनन विभाग के खनिज मोहर्रिर अनिल चन्द्र, फील्ड परिचर देवेन्द्र सिंह, अनुसेवक प्रेम सिंह आदि उपस्थित थे।

www.knlslive.com

# परिवर्तन दी चेंज संस्था विगत 5 वर्षो से परियोजना पाठशाला ,दाखिले शुरू





मौ.युसफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद परिवर्तन दी चेंज संस्था विगत 5 वर्षो से परियोजना पा8शाला पर कार्य कर रही हैं, और मलिन बस्तियों के बच्चों को उन्हीं के घर के आस पास पढ़ा कर उनके माता पिता व बच्चों को जागरूक करके निरंतर सरकारी विद्यालय में दाखिला करा रही हैं। इसी क्रम में वर्तमान में संस्था अपने कार्यालय पर भी एक पा8शाला विगत 5 महीनों से चला रही हैं। जिसमें रामगंगा विहार के आस-पास के वो बच्चें जिनको शिक्षा व आम जानकारियां भी नही थी। यह वो बच्चे हैं, जो सड़क पर गुब्बारे आदि बेचते हैं इनमे में से कुछ बच्चे सड़क किनारे अपने माता पिता के साथ ठेले आदि पर दुपहर बाद कार्य करते हैं, ये सभी संस्था के कार्यालय पर पढ़ने आते हैं जिनको नि:शुल्क शिक्षा, बैग, कॉपी, पेंसिल, किताब, व कभी कभी खाने के लिए फल आदि सामग्री भी दी जाती हैं। नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए ही बच्चों को पढाया जाता है। वर्तमान में संस्था के कार्यालय पा8शाला के अलावा कांशीराम नगर आवास योजना पॉकेट-स्न में भी पा8शाला लगाई जाती है। दोनों ही पा8शालाओं में बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए जागरूकता के साथ-साथ दैनिक जीवन के क्रियाकलापों के विषय मे बताया जाता है। आने वाले अप्रैल माह में संस्था इन सभी बच्चो को निकटबके प्राथमिक विद्यालय में दाखिला कराएगी एवं इनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ेगी। ऐसे बच्चो के सिवा भी संस्था आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के बच्चो को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 12 ( श्व ) के तहत निकट के प्राइवेट विद्यालय में भी दाखिला करा रही है। संस्था मुरादाबाद के अलावा रामपुर, काशीपुर, दिल्ली में भी परियोजना पा8शाला पर कार्य कर रही हैं।


## रामपुर-लालकुआं रेल खंड का विशेष ट्रेन द्वारा गहन निरीक्षण किया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रेल संरक्षा आयुक्त (पूर्वोत्तर परिमंडल) श्री मोहम्मद लतीफ खान ने मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष पंत के साथ 30 मार्च, 2022 को इज्जतनगर मंडल के नव विद्युतीकृत रामपुर-लालकुआं रेल खंड का विशेष निरीक्षण ट्रेन द्वारा गहन निरीक्षण किया। इसके पश्चात् श्री खान ने लालकुआं से रामपुर तक गति परीक्षण भी किया। निरीक्षण स्पेशल लालकुआं से लगभग 66 किमी की दूरी 55 मिनट में तयकर रामपुर पहुंची। इस दौरान निरीक्षण गाड़ी को 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दौड़ाया गया। विद्युतीकरण का कार्य माह सिमम्बर, 2021 में प्रारम्भ किया गया था और इसकी अनुमानित लागत रु. 75 करोड़ है। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने रामपुर-लालकुआं रेल खंड के मध्य पड़ने वाले चमरऊआ एवं बिलासपुर रोड रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध स्टेशन मास्टर पैनल, पैदल उपरिगामी पुल, कर्व, समपारों, पुलों, सब स्टेशन पॉवरों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे, मुख्यालय गोरखपुर से प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री ए.के. शुक्ला, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर श्री पंकज जयसवाल, महाप्रबंधक (इरकान) श्री संजीव कुमार, कार्यकारी निदेशक (इरकान) सुभाष चंद्र सलाहकार (इरकान) डी.जी.प्रसाद सहित इरकान एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# बीएस मूर्ति ने दिया परामर्श कहा युवाओं में भी हो रहा गठिया रोग



मौ.युसफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-सिविल लाइन स्थित आशादीप हॉस्पिटल में डॉ.बीएस मूर्ति द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित जिसमें कहा गया करोना कॉल संक्रमण के भय और लॉकडाउन के प्रतिबंध के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हो गई थी। इस कारण बुजुर्गों के अलावा काफी संख्या में युवा घटिया का शिकार हो रहे हैं। हाथ. पैर. जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सूजन और अकड़न की समस्या से ग्रस्त युवा भी हॉस्पिटल आ रहे हैं। मुरादाबाद और उसके आसपास के जिलों के हड्डी से संबंधित मरीजों के इलाज के लिए दिल्ली के जाने माने हॉस्पिटल धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ हड्डी रोग एवं जोड़ रोग के विशेषज्ञ डॉ.बीएस मूर्ति की पहली ओपीडी मुरादाबाद के आशादीप हॉस्पिटल में शाम 4-00 बजे से 6-00 बजे तक चली। जो कि आगे भी हर महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को आयोजित होगी। और मुरादाबाद की जनता इसका लाभ ले सकेगी। इस दौरान मुरादाबाद और आसपास के जिलों से अच्छी खासी तादाद में लोगों ने डॉक्टर मूर्ति से परामर्श लिया और लोग संतुष्ट दिखे। कोरोना काल के कारण लोगों की कसरत और पार्कों में टहलना बंद हो गया था इसके अलावा घरों में मनपसंद भोजन और तैलीय भोजन खूब खाते रहे। इन्हीं वजहों से लोगों के भजन में भी इजाफा हुआ है। भजन और बॉडी में यूरिक एसिड बढ़ने से वर्क फॉर्म होम में रह रहे के कारण युवाओं में जोड़ों का दर्द बढ़ गया। कुछ ना कुछ खाते रहने सेलोगों के शरीर का वजन बढ़ा और शारीरिक समस्याओं में भी इजाफा हुआ इसी कारण मुरादाबाद और आसपास के जिलों के युवाओं में गठिया रोग की दिक्कतें बढ़ रही है। इस मौके पर स्त्री विशेषज्ञ डॉ विनीता अग्रवाल मौजूद रहीं।

# सपा नेता युसूफ मलिक के ऊपर पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया

मौ.युसफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद नगर निगम के अधिकारियों से अभद्रता व्यवहार करने को लेकर मामले में सपा नेता युसूफ मलिक के ऊपर पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया सपा नेता युसुफ मलिक ने नगर निगम के अधिकारी अपर नगर आयुक्त से फोन पर अभद्रता की थी जिसको लेकर अपर नगर आयुक्त की तहरीर पर सिविल लाइन थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था वहीं इस मामले में पुलिस ने युसूफ मलिक के ऊपर 25000 का इनाम घोषित कर दिया है वहीं गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों ने भी शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी है और नगर निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे है गौरतलब है पुलिस ने सपा नेता के दमाद को नगर निगम के साथ अभद्रता व्यवहार करने के मामले में पहले ही जेल भेज दिया है वहीं आपको बता दे मुरादाबाद में नगर निगम की टीम हाउस टैक्स ना जमा करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है कुछ दिन पूर्व कटघर थाना क्षेत्र के शिवपुरी इलाके में सपा नेता युसूफ मलिक के दामाद के आवास पर नगर निगम द्वारा टैक्स ना जमा करने को लेकर सिल लगाई गई थी इस दौरान सपा नेता युसुफ मलिक की बेटी सील हुए मकान में बंद हो गई थी और इस पर सपा नेता के दामाद ने काफी हंगामा किया और सपा नेता युसूफ मलिक ने नगर निगम अधिकारियों के साथ अभद्रता व्यवहार किया जिसको देखते हुए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने थाना सिविल लाइन में सपा नेता युसुफ मलिक के खिलाफ तहरीर दी और उस तहरीर पर पुलिस ने युसुफ मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और एसएसपी मुरादाबाद द्वारा सपा नेता युसुफ मलिक की गिरफ्तारी के लिए 25000 का इनाम घोषित कर दिया गया तो वहीं नगर निगम द्वारा कटघर थाने में भी एक तहरीर दी गई जिस पर सपा नेता के दामाद के खिलाफ सिल हुए मकान कि सिल तोड़ने वा अन्दर महिला को प्रवेश कराने के मामले में कटघर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया और सपा नेता के दामाद को जेल भेज दिया गया है लेकर नगर निगम के कर्मचारियों में भी रोष है और नगर निगम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Public representatives in public court

This is not a simple petition, but a direct challenge by the civil society to the privileges which have been earned in the name of public representatives in the gift of new India after independence. The salary and allowances of public representatives come under the purview of income tax exemption and a petition has been filed against this act in the Himachal High Court. Among the states of the country which have shown the ability to pay the income tax of their MLAs themselves, Himachal is also the leader of this tradition. This amount comes to about two and a half crores and thus the court is being prayed to get rid of such unilateral decision. Obviously, this case proves more than a legal gimmick to the fact that our public representatives are far different from ordinary citizens and they can be at the helm of political supremacy, taking any decision of their own free will. This petition is coming at a time when the AAP government in the neighboring state of Punjab has changed the pension norms of MLAs and restricted them to only one pension. With such a decision, a new debate among the public and questions have emerged on the rights system of the people's representatives. The argument cannot be dismissed outright that the reduced accountability of the state treasury cannot be argued to meet the working needs of the public representatives unlike any other public servant. Every citizen and public office has its own role towards the nation and also that the scope of financial security should be equally available to all. Meanwhile, in the whole country, two sections have become clear on the edge of discussion and dissection of OPS vs NPS. That is, the saga of the future of a common government employee was considered complete under the purview of NPS, but this pension scheme does justice to the public representatives very generously and generously of the government's financial resources. That is, the spread of dual systems in front of the Constitution has become such that a pension puts years of service in a row, while it keeps the hands of law making so strong that the public representatives can achieve the status of life on their one attendance. take. This practice was going on for years, but now service and selfishness are being decided in the Jan Adalat. It is also a civil outcry against treating the country's resources as political bounty, which expects public representatives to at least engage in just decisions, as the general public or government employees get their due for their hard work and wages. Even though the governments are opening the secrets of social security regarding pension, but a large section of civil society is now wanting that by adopting the age break or retirement age coming in the life of every person, the payment of government pension should be like this. constantly wants some exemption of income tax from the Union Budget. The irony is that his savings are now proving to be very poor in front of the banking system and the economic condition of the country, while making him the only patriot of income tax rates. In such a situation, the public has accepted the privileges of the public representatives as such a ditch of the future, where only the sense of justice will be injured every now and then. If the public makes such topics an issue at the next stage of the election, then this initiative can have a great impact on the minds of every voter.


# Salman Khan's ex-girlfriend Somi Ali threatens anyone who exploits women, says- 'She will share the truth like Aishwarya Rai'

Somi Ali is now counted as a former Bollywood actress. He has worked in many films, but now he is completely away from the big screen. Somi Ali's name has also been associated with Salman Khan. She and the actor were dating each other in the 90s. Somi Ali has always been open about her relationship with Salman Khan. But this time she is in the news for mentioning Salman Khan's ex-girlfriend Aishwarya Rai Bachchan. In fact, Somi Ali has threatened anyone who exploits women in Bollywood by mentioning Aishwarya's name. The actress, without naming anyone, described the abuser as the 'Harvey Weinstein of Bollywood'. Somi Ali said that a day will come when women will come forward to tell the truth like Aishwarya Rai. He has said this through social media. Somi Ali remains active on social media. She stays connected with fans everyday through this. Somi Ali has shared a picture on her Instagram account. This picture is of a girl and a boy, whose identities have been hidden. Sharing this picture, Somi Ali wrote a special caption in which she has tagged Aishwarya Rai Bachchan. Salman Khan's ex-girlfriend wrote in the caption, 'Bollywood's Harvey Weinstein! You will be exposed. The women you have exploited will one day come out and share their truth. Just like Aishwarya Rai Bachchan. This post of Somi Ali is becoming increasingly viral on social media. Fans of the actress and all social media users are commenting. Let us tell you that Harvey Weinstay is the producer of Hollywood cinema, who in the year 2018 through MeToo campaign, many actresses had made many serious allegations like physical abuse and rape. After which Harvey Weinstay had to face legal action. On the other hand, talk about Somi Ali and Aishwarya Rai Bachchan, both of them are Salman Khan's ex-girlfriends. The relationship with these two ended in a bad experience.



# Vaani Kapoor told 'Chandigarh Kare Aashiqui' the biggest film, said- I want to do good work

There is always a different craze for different types of films in Bollywood. However, given their image, the artist avoids using more in the character. But actress Vaani Kapoor is one such actress who is often known for experimenting with her role. Recently Vani has said that Chandigarh Kare Aashiqui is an important film of her career. Vaani Kapoor will soon be seen in the film 'Shamshera' opposite Ranbir Kapoor. Vaani Kapoor says that her real identity was given to her by her last film 'Chandigarh Kare Aashiqui'. Let us tell you that in this film she has played the role of a transgender. Vaani Kapoor said that this film has broken her mentality that she is fit to play only a beautiful heroine. Vaani Kapoor says that I think 'Chandigarh Kare Aashiqui' has helped a lot in my career. Through this film, I have got an ideal platform where I can show everyone what kind of actress I want to be. I am ready to take any risk to prove myself on screen as I don't want to be limited to just a few roles as an artiste but I want to do all kinds of roles. Vaani Kapoor said that I think before 'Chandigarh Kare Aashiqui' people only thought that I can play only a certain kind of role. After the release of this film, I started getting very different and interesting kind of role offers. I needed a film like this to be my calling card and I am extremely happy with the response. It's really encouraging for an actress like me because I don't want to do same kind of roles on screen. I want to explore. I want people to remember me as an actress who can do any kind of role on screen.



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रदेश

www.knlslive.com

31 March 2022

5

# दुष्कर्म के दोषी किशोर को तीन साल की सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- दुष्कर्म का दोष सिद्ध होने के बाद किशोर को तीन साल की सजा सुनाई गई है। किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय ने किशोर को सजा सुनाई है। किशोर को गाजीपुर स्थित सुधार गृह केंद्र भेजा जाएगा। सहायक अभियोजन अधिकारी प्रवेंद्र कुमार के अनुसार 31 मार्च 2010 को थाना जलेसर क्षेत्र के एक गांव निवासी की बेटी चारा काटने गई थी। वहीं एक किशोर ने पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की। जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सबूतों के आधार पर किशोर को दोषी माना गया। किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय के प्रधान मजिस्ट्रेट, सदस्यों ने तीन साल की सजा सुनाई है।

# उर्स जलेसर में उमड़ी भीड़, आसपास के जनपदों से पहुंचे लोग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- उर्स जलेसर का आयोजन हुआ। जनपद भर के सरकारी कार्यालयों का अवकाश रहा। जलेसर में जनपद के अलावा आसपास के जनपदों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। आने वाली भीड़ को लेकर प्रशासन के अधिकारी भी अलर्ट रहे। पुलिस के अधिकारी कर्मचारी गश्त करते रहे। शाम को कव्वालियों का आयोजन हुआ।जलेसर में उर्स में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। यहां पर पूजा अर्चना के लिए काफी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है। इसमें मेला का भी आयोजन होता है। सुबह से भीड़ का आना शुरू हो गया। बेहद गर्मी होने के बाद भी मेला परिसर भीड़ से भरा हुआ रहा। उर्स में काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था।



कुल शरीफ कार्यक्रम में दूर-दराज से आये लोगों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व कुल अव्वल, अन्दरूनी कव्वालियों के के कार्यक्रम हुए। इसके अलावा दंगल का भी आयोजन किया गया। रात्रि को ऑल इण्डिया मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न हिस्से से शायर शिरकत लेंगे। इसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष विकास मित्तल ने किया। इसमें शहर के तमाम लोग मौजूद रहे।

# आदेश बेअसर, साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रहे बाजार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शहर में मंगलवार को साप्ताहिक बाजार बंदी का दिन तय किया गया है, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा। जिम्मेदार अधिकारी हर सप्ताह कार्रवाई करने का आश्वासन देते हैं। इसके बाद भी बाजारबंदी का पालन नहीं कराया गया। जिसकी वजह से शहर के सभी बाजार खुले रहते हैं। मंगलवार को भी शहर के बाजारों का ऐसा ही नजारा था। बाबूगंज में जमकर हुई खरीदारी जीटी रोड स्थित बाबूगंज बाजार में महिलाएं व युवतियां खरीदारी के लिए अधिक आती हैं। बाजार में प्रवेश करते ही दोनों ओर कपड़ों की दुकानें खुली हुईं थीं। यहां पर महिलाएं व युवतियां बच्चों के लिए कपड़े खरीद रहीं थीं। वहीं दूसरी दुपट्टा, साड़ी आदि को महिलाएं पसंद कर रही थीं। पूरे बाजार में करीब दस से 15 दुकानें ही बंद थीं। शेष सभी दुकानें



खुली नजर आईं। सर्राफा से जुड़ी दुकानें बंद रहीं। घंटाघर बाजार में खुली रही सभी दुकानें घंटाघर बाजार में प्रवेश करते ही एक तरफ परचून की दुकानें तो दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक्स व मिठाइयों की दुकानें हैं। जहां ग्राहक खरीदारी कर रहे थे। एक-दो दुकान को छोड़ सभी दुकानें खुली हुंई थीं। इससे थोड़ा आगे बढ़ते ही घंटाघर के दाएं और मुख्य बाजार में जरूरी घरेलू वस्तुओं के साथ तिरपाल व पॉलीथिन संबंधी दुकानें है, जो सभी खुली हुई थीं। यहीं पर एक परचून की दुकान भी है जिस पर एक महिला खरीदारी कर रही थी। बांसमंडी में रिफाइंड, तेल व तंबाकू के थोक व फुटकर बाजार में विक्रेता खरीदारी करते नजर आए।

# सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान में अलीगंज में मिले 347 रोगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 9 से 22 मार्च तक सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान चला गया। अभियान में सर्वाधिक क्षयरोगी अलीगंज तहसील क्षेत्र में 347 मिले हैं। जबकि अभियान में 415 क्षयरोगी तलाशे गए। जिनका तत्काल उपचार शुरू कराया गया है। जिला क्षयरोग अधिकारी डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभियान में हुई स्क्रीनिंग में 1589 लोगों के लक्षणों के आधार पर चिन्हित अिकया गया। जिसमें से 77 बलगम जांच, क्लीनिकल जांच में 338 क्षयरोगी पाये गए हैं। उसमें अलीगंज तहसील क्षेत्र में हुई स्क्रीनिंग में 517 लोग लक्षणों के आधार पर चिन्हित किये गए। जिसमें से 31 की बलगम जांच करायी गई। जबकि 236 की एक्सरे और चिकित्सकीय परीक्षण में क्षयरोगी पाए गए। जांच में ब्लॉक अलीगंज में 267, ब्लॉक जैथरा में 80 क्षयरोगी पाये गए है। इसके अलावा सीएचसी शीतलपुर में 35, निधौलीकलां में 15, अवागढ़ में 10 और अवागढ़ क्षेत्र में 8 क्षयरोगी पाए गए हैं। डीटीओ ने बताया कि अभियान में मिले क्षयरोगियों का पोर्टल पर पंजीकरण कर तत्काल उपचार शुरू कराया गया है। साथ ही उनको पोषण भत्ता 500 रुपये दिलाने की भी शुरूआत की गई है। सक्रिय क्षयरोग अभियान में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कॉर्डिनेटर दिलीप शर्मा, पीपीएम कॉर्डिनेटर आशीष पाराशरी, डीपीटीसी अरविंद सिंह चौहान, डीईओ जितेन्द्र कुमार, लेखाकार पूनम यादव शामिल रही। पांच वर्ष से चार से पांच हजार निकल रहे क्षयरोगी जिले में प्रतिवर्ष क्षयरोगियों की संख्या 4 से 5 हजार के बीच रह रही है। जबकि निरंतर क्षयरोग की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे है। पीपीएम कॉर्डिनेटर आशीष पाराशरी ने बताया कि वर्ष 2017 में 3137 क्षयरोगी मिले थे। वर्ष 2018 में 4798 को उपचार दिया गया। वर्ष 2019 में 5357 क्षयरोगी निकले। वर्ष 2020 में 3758 क्षयरोगी मिले। वर्ष 2021 में 4688 क्षयरोगी तलाशे गए। जबकि वर्ष 2022 में अब तक सक्रिय क्षयरोगियों की संख्या बढ़कर 1915 हो गई है। वर्ष 2025 तक देश को क्षयरोग मुक्त बनाने की मुहिम जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2025 तक क्षयरोग मुक्त बनाने को मुहिम चलायी जा रही है। मुहिम के तहत राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गतिविधियां संचालित की जा रही है। सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान भी इसी कार्यक्रम की गतिविधि है। जिसमें क्षयरोगियों को चिन्हित कर उपचार देने का कार्य किया जा रहा है।

# एक वर्ष में जिला अस्पताल बनाने को नहीं मिल सकी जमीन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- मेडिकल कालेज शुरू हुए एक वर्ष होने जा रहा है। अभी तक जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि जिला अस्पताल बनाने को जमीन चिन्हित नहीं कर सके हैं। जिसकी वजह से जिला चिकित्सालय से मिलने वाली सुविधाएं धीरे-धीरे बंद होती जा रही है। स्थाई चिकित्सक सिर्फ इमरजेंसी और मेडिकोलीगल करने तक सिमट गए हैं। सर्जन एवं सीसमएस डा. राजेश अग्रवाल ने बताया कि जनपद में अब जिला चिकित्सालय नहीं रहा है। अप्रैल वर्ष 2021 से मेडिकल कालेज हो गया है। जनपद के लोग अभी भी इसको जिला अस्पताल समझकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में छह स्थाई चिकित्सक रह गए है। उसमें डा. एस चंद्रा, डा. आरएल जिंदल, डा. राहुल वार्ष्णेय, डा. बी सागर, डा. अनंत व्यास शामिल है। रेडियोलॉजिस्ट डा. वीपी सिंह 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहे है। जिला चिकित्सालय के स्थाई चिकित्सक इमरजेंसी और मेडिकोलीगल करने का काम कर रहे है। उसके अलावा मेडिकल कालेज ओपीडी में एसआर, जेआर डाक्टर कार्य कर रहे हैं।
इसी प्रकार महिला जिला चिकित्सालय के दो स्थाई चिकित्सक डा. अशोक कुमार और डा. आरके दयाल रह गए हैं। वह सभी शासन के निर्देश पर मेडिकल कालेज में डेपुटेशन पर कार्य कर रहे हैं। सीएमएस ने बताया कि जिला चिकित्सालय के लिए शासन से अलग से जमीन चिन्हित करने के लिए निर्देश दिए थे। अभी तक जिला चिकित्सालय बनाए जाने के लिए कोई जमीन चिन्हित नहीं की जा सकी है। इसलिए जनपद में जिला चिकित्सालय विलुप्त प्रायः स्थिति में पहुंच गया है। एक वर्ष से जिला अस्पताल में मेडिकल कालेज संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा गया था। राजस्व विभाग अभी तक जमीन नहीं दिला सका है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## विकलांग बच्चे के लिये ट्रायसाइकिल बैटरी युक्त दिलाने हेतु दिया ज्ञापन




रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला पंचायत सूरजपुर के पूर्व सभापति व जिला पंचायत सदस्य भैयाथान साल्हो भास्कर ने कलेक्टर सूरजपुर से विकलांग बच्चे के लिये ट्रायसाइकिल बैटरी युक्त दिलाने हेतु दिया ज्ञापन,,अपने आवेदन में भास्कर ने बताया कि जनपद भैयाथान के ग्राम पंचायत खैरी परसापरा के सुनील सिंह पिता बलकरण सिंह जाति गोंड उम्र 14 वर्ष जो विकलांग पैरों में चलने में असमर्थ हैं जिससे कही आने जाने, व स्कूल जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,चलने फिरने में भारी दिक्कत होती हैं, जिससे पढ़ाई भी नही हो रही हैं,,यह हैं कि शासन प्रसासन की कई महत्वपूर्ण योजना संचालित है उसमें से इलेक्ट्रॉनिक बैटरी युक्त ट्राइसाइकिल मिल जाने से सुनील सिंह के जीवन मे कुछ परेशानी दूर हो जाएगी ,,इस बच्चे का समस्या को दूर करने के लिये जिले के तेजतर्रार हमेशा अत्याचार के खिलाफ जनता के सुख दुख में हमेशा खड़े रहने वाले सीताराम भास्कर ने कलेक्टर सूरजपुर से मुलाकात कर जल्द से जल्द ट्रायसिकल दिलाने को कहा है,, कलेक्टर गौरव कुमार ने आस्वासन दिया कि विकलांग प्रमाण पत्र जमा करिए उसके बाद तत्काल बच्चे को ट्रायसिकल बैटरी युक्त दिया जाएगा

## फरार प्राचार्य की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने जारी की उद्घोषणा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाना झिलमिली में दर्ज धारा 354(क)(1)(2), 509 भादवि व 3(2)(व्ही)(आई) एससीएसटी एक्ट के प्रकरण में चन्द्रमेढ़ा के मामले में फरार प्राचार्य अरूण कुमार पाण्डेय की सूचना देने वाले को 5 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्र. 80-ए में निहित प्रावधानो के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उद्घोषणा किया है कि प्रकरण में फरार आरोपी के संबंध में जो कोई सार्थक सूचना देगा जिससे गिरफ्तारी हो सके, उसे उक्त नगद राशि दिया जायेगा।

सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। आरोपी के बारे में सूचना इन नंबरों दें- पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर 07775-266265, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर 7587293797, एसडीओपी ओड़गी 7000878116, पुलिस कन्ट्रोल रूम सूरजपुर 9572770004 एवं थाना प्रभारी झिलमिली के मो.नं. 7587399444 पर सूचना दिया जा सकता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## शातीर चोर से 2 लाख 15 हजार रूपये कीमत के चोरी किए गए 3 मोटर सायकल व 1 स्कूटी जप्त, चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के बसदेई चौकी की पुलिस ने एक शातीर चोर से चोरी किए गए 3 मोटर सायकल व 1 स्कूटी वाहन कीमत 2 लाख 15 हजार रूपये कीमत का जप्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। दिनांक 29.03.2022 को ग्राम जूर निवासी प्रेमसाय सिंह ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 मार्च को बंधन सिंह इसके पास आया और बसदेई में रहने वाले मामा के पास पहुंचाने की बात बोला तब यह अपने एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 16 सीएम 2422 में बंधन को बैठाकर बसदेई जाने लगा रास्ते में बसदेई चौक में नास्ता करने रूके, मोटर सायकल में चाबी लगा हुआ था इसी दौरान बंधन सिंह मोटर सायकल को प्रार्थी के बिना सहमति के लेकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 140/22 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी हुई थी इसी बीच मुखबीर से प्राप्त सूचना पर ग्राम लांची में घेराबंदी कर आरोपी बंधन सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने मोटर सायकल को बसदेई चौक से लेकर भागना और उसे अपने घर में छुपाकर रखना बताया। बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी ने 2 मोटर सायकल व 1 स्कूटी चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि दिनांक 14.03.22 को टेंगनी थाना पटना जिला कोरिया से 1 नग हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल, 22-25 दिन पहले ग्राम गणेशपुर चौक थाना रामानुजनगर से 1 नग हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल एवं ग्राम पिउरी थाना रामानुजनगर से 1 नग स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। बसदेई पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 3 नग मोटर सायकल व 1 नग स्कूटी कुल कीमत 2 लाख 15 हजार रूपये का बरामद कर धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी बंधन सिंह पिता चन्द्रभान सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम लांची, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अभ्यस्त अपराधी है, जो धारा 302 भादवि के मामले में गिरफ्तार हुआ था और इसके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई थी जो विगत 7-8 माह पहले जमानत पर छूटा है इसके अलावा आरोपी के विरूद्ध जिला कोरिया में 2 वाहन चोरी के प्रकरण पंजीबद्ध है जिनमें भी चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई संजय सिंह, एएसआई मानिकदास, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, राहुल गुप्ता, सुरेश साहू, महेन्द्र प्रताप सिंह, निलेश जायसवाल, अमित सिंह व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाए- अपर जिलाधिकारी नगर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-अपर जिलाधिकारी नगर डा. आर.डी. पाण्डेय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु भेजे जाने में किसी प्रकार समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घायलों को भर्ती होने के उपरांत तत्काल उनके परिजनों को इस सम्बंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि स्पीड ब्रेकर पर सफेद रंग से पट्टी बनाई जाए, ताकि वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर दूर से ही नजर आ जाए। अपर जिलाधिकारी नगर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात श्री राम मनोहर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री दिनेश कुमार, सहायक परिवहन अधिकारी श्री जय प्रकाश प्रकाश गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी नगर डा. आर.डी. पाण्डेय ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में अधिक संख्या में दुर्घटनाएं गड़ियों के कारण हो रही हैं, जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर कच्चे डिवाइडर बने हैं उन्हें ठीक कराकर पक्के बनवाये जायें। उन्होंने कहा कि अभी भी हिट एण्ड रन के मामले लम्बित हैं, उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के गड्ढे अभी तक नहीं भरे गए हैं उन सभी सड़कों के गड्ढों को शीघ्र भरा जाए।

## दबिश में दारोगा फरार:3 दिन की छुट्टी लेकर बाहर वाली के घर पहुंचे थे, पहली पत्नी ने दी दबिश; दोनों महिलाओं में जमकर हुई मारपीट



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद में घर वाली और बाहर वाली के फेर में फंसे दारोगा के लिए मंगलवार को अजब स्थिति हो गई। वह 3 दिन की छुट्टी लेकर बाहर वाली के घर पहुंचे और पीछे से घरवाली ने परिजनों के साथ धावा बोल दिया। दारोगा तो मौके की नजाकत देख खिसक लिए, लेकिन दोनों महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई और खासी भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग टेंपो से चौकी भेजा तो वहां भी दोनों पक्ष भिड़ गए। उन्हें शांत कराने में पुलिस को पसीना आ गया। बता दें, शाहजहांपुर जिले के शाहपुर मऊ छावनी कैंट निवासी युवती की शादी शहर कोतवाली क्षेत्र के देवरामपुर निवासी दारोगा के साथ 30 मार्च 2017 को हुई थी। उक्त दारोगा जनपद जालौन के रमपुरा थाने में तैनात है। वह 3 दिन की छुट्टी लेकर गया था। उसकी पत्नी को पहले से शक था, लिहाजा उसने अपने मायके वालों को जानकारी के लिए लगाया। 3 वर्षीय बेटे को लेकर पहुंची थी महिला पति के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर चौरासी स्थित एक मकान में मौजूद होने का पता चलते ही वह मंगलवार को 3 वर्षीय बेटे को लेकर मोहल्ला लालगेट निवासी अपनी बड़ी बहन और मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव लुकुटपुरा निवासी बहन के साथ पहुंच गई। वहां उन लोगों ने दारोगा पति को दूसरी महिला के साथ देखा तो हंगामा हो गया। गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। मकान से विवाद सड़क पर आया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर जाम लग गया। कर्नलगंज पुलिस चौकी में तैनात दारोगा जितेंद्र कुमार फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को अलग-अलग टेंपो से चौकी भेजा। वहां पर भी दोनों पक्ष भिड़ गए। जैसे-तैसे दोनों को अलग-अलग बैठाया। जनपद बरेली के कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी दूसरी महिला ने बताया, दारोगा की पहली पत्नी और उनके स्वजन ने उसकी पिटाई की है। दूसरी महिला बोली- मंदिर में की शादी महिला ने बताया, 2 वर्ष पहले दारोगा से फेसबुक से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दारोगा ने कानपुर में एक मंदिर में उससे शादी की। दारोगा ने पहली पत्नी को छोड़ने की बात कही थी। कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि आरोपित दारोगा को बुलाया गया है। दोनों पक्षों से जानकारी ली जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बलरामपुर के गांव में पहुंचा तेंदुआ, खौफ ऐसा मचा गया हड़कंप



बलरामपुर के गैड़ास बुजुर्ग के पंडितडीह गांव में घुसे तेंदुए की वजह से हड़कंप मचा है। गांव पहुंची वन विभाग टीम झाड़ियों, बागीचों और खेतों में तेंदुए को पकड़ने के लिए काफी तलाश किया।उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पा रहा है। गांव में तेंदुए के आने से लोग पूरी तरह सतर्क है। अपने बच्चों व पालतू मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं। तेंदुए के खौफ में ग्रामीण पहरा दे रहे हैं। गैड़ास बुजुर्ग के पंडितडीह गांव की झाड़ियों में शावक के साथ अठखेलियां करते तेंदुआ दिखाई देने का वीडियो वायरल हो रहा हैं। जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रातभर पहरा दे रहे हैं जबकि वन विभाग की टीम तेंदुए के पंजों के निशान तलाशने में लगी है। गांव में तेंदुआ होने का वीडियो वायरल होते ही, ग्रामीणों का फोन दिनभर घनघनाता रहा। देश प्रदेश में रह रहे आसपास क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों, सगे संबंधियों, नाते रिश्तेदारों को फोन कर तेंदुआ से सतर्क रहने की सलाह देते हुए रात में बाहर न निकलने, घर के खिड़की दरवाजे ठीक तरह से बंद रखने, बच्चों को अकेला न छोड़ने, खेतों पर अकेले न जाने का मशवरा देते रहे। मंगलवार को पंडितडीह गांव की झाड़ियों में कहीं से कोई तेंदुआ घुस आया था। आस पास के लोगों ने जब तेंदुए को देखा तो उनके होश उड़ गए थे। कुछ लोग तेंदुआ और उसके शावक का वीडियो बनाने लगे। आनन-फानन में ग्रामीण शोर-शराबा करने लगे थे। उनकी चीख पुकार सुन गांव के अन्य ग्रामीण भी लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे। घेराबंदी कर तेंदुए को भगाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों का शोर-शराबा सुन तेंदुआ झाड़ियों में कहीं गुम हो गया था। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन दारोगा गौरव सिंह, केसरी सिंह समेत करीब आधा दर्जन वन कर्मी, पुलिस टीम के साथ गांव पहुंच गए, और ग्रामीणों की निशानदेही पर घेराबंदी कर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास करने लगे। वन दरोगा केसरी सिंह ने जैसे ही शावक को पकड़ने का प्रयास किया कंधे पर टंगी बंदूक सरक कर जमीन पर गिर गई और मौका पाकर शावक झाड़ियों में गुम हो गया। इसके बावजूद वन कर्मी देर रात तक गांव में ही डेरा डाले रहे। ग्रामीणों ने तेंदुए के भय से अपने-अपने बच्चों को घरों में कैद कर दिया था। उनके बाहर निकलने तक पर पाबंदी लगा दी थी। इसके साथ ग्रामीणों ने जानवरों को पशुशाला से खोलकर उन्हें मकानों के भीतर बांध दिया और लाठियां लेकर मकानों की रखवाली करने लगे। क्षेत्रीय वनाधिकारी बीएस सेंगर ने वन कर्मचारियों तथा ग्रामीणों के साथ भी काबिंग करने पर तेंदुए का कोई सुराग नहीं लग पाया। वन क्षेत्राधिकारी ने तेंदुआ होने से इन्कार किया है। रेंजर ने बताया कि आस पास के जंगलों में तेंदुआ नहीं पाया जाता है। फिशिंग कैट को देखा गया था। वन दरोगा ने फिशिंग कैट शावक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह झाड़ियों में गायब हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में वन कर्मचारियों को तैनात कर दिया है।खेत में जाते समय सुरक्षा के इन्तजाम रखने की अपील की। ग्रामीण सतर्क हो गए तथा खौफजदा ग्रामीणों ने अपने-अपने बच्चों को मकानों में कैद कर खेतों पर जाना बंद कर दिया।

## रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी डॉ. अरुण पाठक ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता जिला संगठन प्रभारी डॉ. अरुण पाठक इटावा-कानपुर विधान परिषद प्रत्याशी प्रांशु दत्त द्विवेदी, दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने सभी जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को माला एवं पटका पहना कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी डॉ. अरुण पाठक ने कहा, विधानसभा चुनावों में जीत का श्रेय भाजपा के



कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं को जाता है। जिन्होंने अथक मेहनत एवं परिश्रम से केंद्र की जन कल्याणकारी सरकार के कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई। जिसके कारण जनता को लाभ पहुंचना सुनिश्चित हुआ। उन्हीं कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के कारण भाजपा दोबारा उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने में सफल हुई। राष्ट्रवाद एवं विकास के मुद्दे पर जनता ने अपार समर्थन देकर जिले की समस्त सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत सुनिश्चित की। विपक्ष को शक्ति प्रदर्शन का कराना होगा एहसास भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा, विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद कार्यकर्ताओं को आगामी 9 अप्रैल को होने वाले विधान परिषद के चुनावों में दोबारा शक्ति प्रदर्शन का एहसास पूरे विपक्ष को कराना होगा। सभी कार्यकर्ता विधान परिषद के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदाताओं तक पहुंचने का कार्य करेंगे। 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य विभिन्न कार्यक्रमों की योजना पार्टी संगठन द्वारा दी गई है। जिसके अंतर्गत 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्थापना दिवस पर प्रातः 9:00 से प्रातः 11:00 बजे तक ध्वजारोहण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण व शोभा यात्रा कार्यक्रम होगा। सभी बूथों एवं शक्ति केंद्रों पर बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहेंगे। 6 अप्रैल से 14 अप्रैल के मध्य सेवा सप्ताह अभियान चलेगा। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर गोष्ठी का आयोजन होगा। प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम किए जाएंगे। 15 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। सुशासन पर जनता का विश्वास कायम इटावा-फर्रुखाबाद विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा, विकास और सुशासन पर जनता का विश्वास कायम है। विधानसभा चुनाव में विपक्ष पूर्ण रूप से धराशाई हो गया। कार्यकर्ताओं को विधान परिषद के चुनाव में पूरी तैयारी के साथ जुट जाना चाहिए। इस अवसर पर दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने विचार व्यक्त किया एवं संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया।

# हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक काले शहीद बाबा में 43 वां उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- कोरोना के कारण विगत दो वर्षों से यह कार्यक्रम स्थगित चल रहा था। काले शहीद बाबा के प्रांगण में आयोजित जवाबी कव्वाली में कस्बे समेत आस- पास के गांवों के हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।

उर्स में कानपुर के कव्वाल टीवी व रेडियो सिंगर शरीफ़ परवाज़ और बरेली की कव्वाला टीवी व रेडियो सिंगर शीबा साबरी के बीच हुई जवाबी कव्वाली एवं शेरों शायरियों ने रात भर लोगों बांधे रखा। काले शहीद बाबा की मजार समेत पूरे प्रांगण को रंग बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, अय्यूब कुरैशी, इस्माइल, याकूब खान, बुल्लू बाबा, गाड़ भाई भिक्खू, सलीम, रामबाबू सोनी, चेयरमैन प्रतिनिधि भूरेलाल फौजी, पूर्व चेयरमैन बृजेश पटेल, शिवपूजन साहू, कमलाकांत त्रिवेदी, सज्जाद हाफ़िज़ जी, कल्लू शाह आदि मौजूद रहे।

# फसल की रखवाली करते समय बागबान की गोली मारकर हत्या: परिवार में मच गया कोहराम



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद बीती रात फसल की रखवाली करते समय बागवान प्रदीप शाक्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। थाना मऊदरवाजा के ग्राम रामनगर गुलजार बाग निवासी रामौतार शाक्य का 35 वर्षीय पुत्र बीती रात गांव से करीब 100 मीटर दूर करौंदा एवं नींबू के बाग की फसल की रखवाली कर रहा था।

रात में प्रदीप की हत्या कर दी गई प्रदीप रोज की तरह सुबह जब घर नहीं पहुंचा तो उसका भाई बाग में गया बाग में प्रदीप का सब देखे जाने पर परिवार में कोहराम मच गया। प्रदीप की भौ एवं थोड़ी के पास घाव का निशान था अनुमान लगाया गया कि प्रदीप की गोली मारकर हत्या की गई। प्रदीप चार भाइयों में सबसे बड़ा था उसने करौंदा एवं नींबू के बाद की फसल खरीदी थी। प्रदीप के कोई संतान नहीं है अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप ने मामले की जांच पड़ताल की और थाना पुलिस को शीघ्र ही घटना का अनावरण करने का निर्देश दिया। दरोगा रामसेवक वर्मा ने मामले की जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरा। प्रधान पुत्र रविंद्र शाक्य ने प्रदीप के घर जाकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

# लखीमपुर हिंसा: एसआईटी ने यूपी सरकार से की आशीष की जमानत के खिलाफ अपील करने की सिफारिश




लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ( एसआईटी ) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत के खिलाफ अपील दायर करने की उत्तर प्रदेश सरकार से सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने एसआईटी की सिफारिश के मद्देनजर राज्य सरकार से सोमवार तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल को करेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष को 10 फरवरी को जमानत दी थी। जमानत के खिलाफ पीड़ित किसानों के परिजनों और दो वकीलों ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। लखीमपुर में कथित रूप से आशीष की कार से कुचलकर मारे गए किसानों के परिजनों की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने आशीष की जमानत रद्द करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। मृतक किसानों के परिजनों का नेतृत्व कर रहे जगजीत सिंह की ओर से अधिवक्ता श्री भूषण ने फरवरी में विशेष अनुमति याचिका दायर की। याचिकाकर्ता ने जमानत दिए जाने के लिए अपनाए गए मापदंडों को कानूनी प्रक्रिया एवं न्याय की अनदेखी करार दिया है। किसानों के परिजनों से कुछ दिन पहले अधिवक्ता सी एस पांडा और शिव कुमार त्रिपाठी ने भी जमानत के खिलाफ सर्वोच्च अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। इन वकीलों की याचिका पर ही शीर्ष न्यायालय ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की थी। लखीमपुर खीरी में पिछले साल तीन अक्टूबर को कथित रूप से आशीष की कार से कुचलकर चार किसानों की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भड़की हिंसा में दो भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा कार चालक एवं एक पत्रकार की मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद इस मामले में वकील पांडा एवं त्रिपाठी ने जनहित याचिका के साथ पिछले साल शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। तब अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन के नेतृत्व में पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की थी। किसानों के परिजनों की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने 10 फरवरी के अपने आदेश में आशीष को जमानत देने में अनुचित और मनमाने ढंग से विवेक का इस्तेमाल किया। याचिका में दावा किया गया है कि उन्हें कई आवश्यक दस्तावेज उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाने से रोका गया था। उनके वकील को 18 जनवरी 2022 को वर्चुअल सुनवाई से तकनीकी कारणों से %डिस्किनेक्ट% कर दिया गया तथा इस संबंध में अदालत के कर्मचारियों को बार-बार फोन कर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कॉल कनेक्ट नहीं हो पाया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि इस तरह से उनकी आशीष की जमानत का विरोध करने वाली याचिका प्रभावी सुनवाई किए बिना खारिज कर दी गई थी। जगजीत सिंह के नेतृत्व में दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की वजहों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आशीष की जमानत के खिलाफ अपील दायर नहीं करना भी एक कारण है।किसानों की ओर से दायर याचिका में कहना है कि उत्तर प्रदेश में उसी दल की सरकार है, जिस दल कि सरकार में आरोपी आशीष के पिता केंद्र में राज्य मंत्री हैं। शायद इसी वजह से प्रदेश सरकार ने जमानत के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दायर नहीं की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उच्च न्यायालय अपराध की जघन्य प्रकृति पर विचार करने में विफल रहा। उनका कहना है कि गवाहों के संदर्भ में आरोपी की स्थिति उसके न्याय से भागने, अपराध को दोहराने, गवाहों के साथ छेड़छाड़ और न्याय के रास्ते में बाधा डालने की आशंकाओं से भरा पड़ा है। आशीष को उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले साल नौ अक्टूबर को तीन अक्टूबर की हिंसक घटना से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। तीन अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के लखीमपुर खीरी के एक कार्यक्रम का विरोध करने के दौरान हिंसक घटनाएं हुई थी। ये किसान केंद्र के तत्कालीन तीन कृषि कानूनों ( अब रद्द कर दिए गए ) के खिलाफ लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री के पुत्र आशीष की जमानत को चुनौती देने वाली याचिकाओं के जवाब में उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि जमानत का प्रभावी ढंग से विरोध नहीं करने के उस पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से गलत एवं असत्य हैं। सरकार ने पिछले दिनों दाखिल हलफनामे में कहा था कि उच्च न्यायालय द्वारा आशीष को 10 फरवरी को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने का निर्णय संबंधित अधिकारियों के समक्ष विचाराधीन है।गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने के शीर्ष अदालत के आदेश पर सरकार ने कहा है कि उसने घटना से संबंधित 98 गवाहों को सुरक्षा प्रदान की है। सभी गवाहों की सुरक्षा का जायजा पुलिस द्वारा नियमित रूप से लिया जाता है। हाल ही में टेलीफोन के माध्यम से उनसे बातचीत की गई थी। गवाहों ने 20 मार्च को अपनी सुरक्षा पर संतोष व्यक्त किया था। बातचीत के दौरान बताया गया कि यदि उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वे तुरंत अपने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर तुरंत सहायता ले सकते हैं।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक, 15 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टरों की खरीद को मंजूरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को 15 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टरों की लिमिटेड सीरिज प्रोडक्शन के तहत खरीद को मंजूरी दी। इस पर 3,887 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। इस हेलीकाप्टरों के रखरखाव के लिए इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर 377 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। हाल ही में भारतीय सेना ने साको .338टीआरजी-42 स्नाइपर राइफलों से अपने जवानों को लैस करना शुरू कर दिए हैं। फिनलैंड से आयातित यह राइफलें नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों को दी जा रही है। बताया जाता है कि साको स्नाइपर राइफल पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जा रही स्नाइपर राइफल से हर मामले में आगे है। इस राइफल से लैस जवान ज्यादा घातक साबित हो चुके हैं। स्पष्ट और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेना की आपरेशनल गतिविधियों में स्नाइपर शूटर की भूमिका बहुत मायने रखती है। गौरतलब है कि बढ़ती सामरिक चुनौतियों और वैश्विक हालात के मद्देनजर सरकार लगातार भारतीय सेनाओं को मजबूती देने का काम कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने बीते सोमवार को ही भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ गश्ती पोतों के निर्माण के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ 473 करोड़ रुपये का करार किया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक इन पोतों को जीएसएल द्वारा स्वदेश में ही डिजायन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। इन आठों पोतों को भारतीय तटों के पास तैनात किया जाएगा और इनकी तैनाती से विशाल तटीय सीमा पर सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस करार से भारत को रक्षा निर्माण का केंद्र बनाने के सरकार के संकल्प को और बढ़ावा मिलेगा जो न सिर्फ घरेलू बल्कि निर्यात बाजार की जरूरतों को भी पूरा करेगा। यह परियोजना घरेलू पोत निर्माण क्षमता के साथ साथ इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी।

## गुलाम नबी आजाद ने जवाहर लाल नेहरू की सरकार के फैसले पर उठाया सवाल, बताया क्या गलती हुई

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आज़ाद ने बुधवार को कहा कि 1947 में स्वतंत्रता संग्राम को सभी भाषाओं में अनिवार्य विषय नहीं बनाना 'बड़ी गलती' थी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को एक दूसरे की देशभक्ति और देश के प्रति उनके योगदान पर सवाल उठाने का मौका मिला। आज़ाद ने उर्दू पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम में दावा किया कि उर्दू अखबारों को इश्तिहार देना सरकारें मुनासिब नहीं समझती हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी एक सरकार को इसके लिए दोष नहीं देता हूं। उर्दू को बढ़ावा देने और उर्दू अखबारों को इश्तिहार देने की बात आती है तो कोई सरकार, कोई पार्टी उसको आगे नहीं बढ़ाती है। कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, उर्दू पत्रकारिता के 200 साल के इतिहास में पिछले 75 साल के अलावा 125 साल गुलामी के दौर के थे। उस ज़माने में अखबार या कुछ कहना बहुत मुश्किल था।उन्होंने कहा, उर्दू अब सिर्फ हिंदुस्तान या उपमहाद्वीप की ज़बान नहीं है, बल्कि यह वैश्विक भाषा बन गई है। वाहरलाल नेहरू ने कई बार कहा कि उर्दू हमारी ज़बान है, बावजूद इसके वह बात नहीं हुई जो वह चाहते थे। आज़ाद ने भी कहा, दूसरी भाषाओं की तुलना में उर्दू आहिस्ता-आहिस्ता सिकुड़ती जा रही है। अंग्रेजी अपने शीर्ष पर है, घर-घर पहुंच गई है। अंग्रेज़ी में तालीम (शिक्षा) देना एक तरीके से जरूरी है, लेकिन इससे उर्दू खत्म हो गई। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उर्दू के पत्रकारों और उर्दू बोलने वालों ने कुर्बानियां दी हैं, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, 1947 में हमसे एक बड़ी गलती हुई। स्वतंत्रता संग्राम को अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए था, लेकिन हमने अंग्रेजी और गणित को अनिवार्य विषय बनाया।

## पुलिस ने लाइनमैन का काटा चालान तो गुस्साए कर्मचारियों ने थाने समेत 12 सरकारी आवासों की काट दी बिजली



पुलिस और दूसरे विभागों के कर्मचारियों के बीच हुए विवाद के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन जो बदायूं में हुआ वह बेहद चौंकाने वाला था। मामला पुलिस और बिजली विभाग के कर्मचारियों के बीच का था। बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी बाइक से लाइन ठीक करने जा रहे थे। हेलमेट न लगे होने की वजह से पुलिस ने लाइनमैन को रास्ते में रोक कर उससे गाड़ी की कागजात मांगे। कागजात अधूरे होने पर पुलिस ने लाइनमैन का चालान काट दिया। बाइक का चालान होते ही लाइनमैन तनतनाया और अपने कर्मचारियों के साथ सीधे थाने पहुंच गया। चालान का बदला लेने के लिए लाइनमैन ने थाने का बिजली कनेक्शन काट दिया, जिससे थाने में अंधेरा हो गया। साथ अन्य 12 सरकारी आवासों का कनेक्शन काट दिया जो कि अवैध था। हालांकि इंस्पेक्टर और एसडीओ के बीच हुई बातचीत के बाद बिजली बहाल की गई। विद्युत उपकेंद्र कुंवरगांव पर अजय कुमार संविदा बिजली कर्मचारी है। वह बाइक से एक बिजली लाइन को ठीक करने के लिए जा रहा था। रास्ते में कैली मोड़ पर दरोगा रामनरेश पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने अजय कुमार की बाइक रोक ली और कागजात दिखाने को कहा। जांच में बाइक के कागज आधे अधूरे पाए गए। संविदा कर्मचारी हेलमेट भी पहने नहीं हुआ था। जिसके चलते दरोगा ने हेलमेट न होने के एवज में कर्मचारी का चालान कर दिया। संविदा कर्मचारी मौके पर ही अपने साथियों को घटना के बारे में जानकारी दी। वे सभी एकत्र हो गये और थाने में पहुंच गये। यहां उन्होंने दरोगा के रवैये से खिन्न होकर हंगामा किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बिजली का कनेक्शन थाने के कार्यालय का है, जबकि थाने के सरकारी आवासों में उसी कनेक्शन से सप्लाई दी गई है जोकि बिजली चोरी की श्रेणी में है। जिसके चलते लाइनमैन ने पोल पर चढ़कर थाने के बिजली कनेक्शन लाइन को काट दिया। जिससे थाने के कार्यालय समेत सरकारी आवासों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर मनोज वर्मा ने कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत कराया। साथ ही इंस्पेक्टर ने एसडीओ विपिन मौर्य से बात की। एसडीओ ने मामला का संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों से थाने के कार्यालय की लाइन को जुड़वाई इंस्पेक्टर मनोज वर्मा ने बताया कि हेलमेट न होने पर दरोगा ने बिजली कर्मचारी का चालान कर दिया था। इसको लेकर लाइनमैन ने बिजली कनेक्शन को काट दिया, समझाने के बाद लाइन जोड़ दी गयी है।

### दो किलो वाट के कनेक्शन से ही रोशन थाना

आमतौर पर बिजली विभाग आम उपभोक्ताओं को लेकर सख्त रहता है, थोड़ी बहुत गलती भी आम उपभोक्ताओं को भारी जुर्माना के साथ मुकदमा झेलना पड़ता है, लेकिन यहां बिजली विभाग और थाने के सिस्टम की पोल खुल गयी। वजह यह है कि कुंवरगांव थाने के कार्यालय के नाम से महज दो किलो वाट का कनेक्शन है। जबकि उसकी कनेक्शन सरकारी आवासों को अवैध तरीके से बिजली आपूर्ति दी जा रही है। अब बिजली विभाग के एसडीओ ने थाने के कनेक्शन का लोड बढ़ाने का फैसला लिया है। कुंवरगांव के एसडीओ विपिन मौर्या का कहना है कि थाने के कार्यालय के नाम पर दो किलो वाट का कनेक्शन है। वहां के सरकारी आवासों को भी बिजली सप्लाई दी जा रही है। कनेक्शन का लोड बढ़ाया जायेगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा, अखिलेश यादव ने श्याम रंगीला के वीडियो के सहारे कसा तंज



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता से मिली राहत अब खत्म हो चुकी है। तेल की कीमतों में हर दिन हो रही वृद्धि से जहां आम लोग परेशान हैं तो वहीं विपक्ष सरकार पर हमलावर है। यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट के साथ श्याम रंगीला का एक वायरल वीडियो भी शेयर किया है। सपा अध्यक्ष ने सरकार पर तेल की कीमत बढ़ाकर खजाना भरने का आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में लिखा, कीमतों में इजाफे के यूं तो सौ बहाने हैं, सच ये है कि उन्हें भरने अपने खजाने हैं। सपा प्रमुख ने ट्वीट के साथ श्याम रंगीला का वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह पीएम मोदी की आवाज में इस मुद्दे पर व्यंग्य करते दिख रहे हैं।

### 9 दिन में 8वीं बार की गई बढ़ोतरी

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पिछले 9 दिनों में कुल 5.60 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 100.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 91.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 92.27 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में देश भर में वृद्धि की गई है, लेकिन इनके दाम स्थानीय कर के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं।

# अभिनेता व सांसद रवि किशन के भाई रमेश शुक्ला का दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ निधन

फिल्म अभिनेता व सांसद रवि किशन के भाई रमेश शुक्ला का दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया हैद्य उन्होंने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी हैद्य इसके साथ उन्होंने भाई रमेश शुक्ला की एक तस्वीर भी शेयर की है



### रवि किशन ने भाई रमेश शुक्ला की एक तस्वीर भी शेयर की है

फोटो शेयर करते हुए रवि किशन ने लिखा है, दु:खद समाचार..! आज मेरे बड़े भाई श्री रमेश शुक्ला जी का एम्स हॉस्पिटल दिल्ली में दु:खद निधन हो गया है द्य बहुत कोशिश किया पर बड़े भईया को नहीं बचा सका, पिता जी के बाद बड़े भाई का जाना पीड़ा दायक महादेव आपको अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें द्य कोटि कोटि नमन ओम शांतिद्य इसके साथ रवि किशन ने भाई रमेश शुक्ला की एक तस्वीर भी शेयर की हैद्य उन्होंने भाई के निधन की जानकारी दोपहर 12=16 मिनट पर सोशल मीडिया पर दी हैद्य इसके बाद उनके भाई को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया है

### रमेश शुक्ला के निधन पर कई लोगों ने जताया दुख


डॉक्टर कुमार विश्वास ने लिखा है, ईश्वर आदरणीय भाईसाहब को अपने श्रीचरणों में यथेष्ट स्थान व परम शांति प्रदान करे।? शांति ? वहीं इसके अलावा कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि वाले संदेश भी भेजे हैंद्य गौरतलब है कि रवि किशन गोरखपुर से सांसद है इसके अलावा वह फिल्म अभिनेता भी हैं उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैद्य वह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काफी विख्यात है।

### रवि किशन ने कई फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाई है

रवि किशन ने कई फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाई हैद्य इसके अलावा वह राजनीति में भी काफी सक्रिय भूमिका निभाते हैद्य रवि किशन ने कई कलाकारों के साथ काम किया हैद्य वह जल्द कई फिल्मों में नजर आनेवाले है रवि किशन के भाई के निधन से उनके परिवार और मित्रगणों में दुख की लहर छा गई है

# 2020 में प्रेमी की पुलिस हिरासत में हुई थी हत्या, बुलंदशहर के दो एसआई समेत 11 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

यूपी बुलंदशहर में 2020 में हुई हत्या के मामले में आरोपी 11 पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। जिले के कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव शहजादपुर कनैनी निवासी युवक की दो साल पहले पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी और दो एसआई सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखाया गया है। मामला कोतवाली खुर्जा नगर की जंक्शन रिपोर्टिंग चौकी क्षेत्र के गांव शहजादपुर कनैनी का है। यहां के रहने वाले सोनू उर्फ सोमदत्त पुत्र घुरमल प्रेम प्रसंग के चलते गांव निवासी युवती को लेकर 5 दिसंबर 2020 को गांव से कहीं चला गया था। युवती पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 9 दिसंबर को युवती और सोनू को गांव नैथला जिला बागपत से बरामद कर लिया। आरोप है कि 11 दिसंबर 2020 की रात शिकायतकर्ताओं ने तत्कालीन थाना प्रभारी और दो एसआई के साथ मिलकर सोनू की हत्या कर दी।साथ ही पुलिस ने अपनी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराए बिना शव को गांव शहजादपुर कनैनी ले जाकर जला दिया। आरोप यह भी है कि जिसके बाद मृतक के परिजनों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए मनमाफिक तहरीर लिखकर उनसे अंगूठा लगवाकर मुकदमा दर्ज कराया गया।



साथ ही उसी दिन हिरासत में ही उपजिलाधिकारी के समक्ष ब्यान दर्ज कराए गए।पुलिस की उक्त प्रक्रिया से परेशान होकर मृतक की मां सुरेश देवी ने इलाहाबाद हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसमें न्यायलय ने एसीजेएम प्रथम द्वारा जांच में सोनू की पुलिस हिरासत में मौत होने की रिपोर्ट पर 25 मार्च 2022 को उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव से कार्रवाई का स्थिति जानी। जिसके बाद 29 मार्च 2022 को एसएसपी से मृतक सोनू की मां सुरेश देवी ने मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी, उप निरीक्षक बहादुर सिंह, उप निरीक्षक रामसेवक सहित गांव शहजादपुर कनैनी निवासी अनिल चौधरी, जगदीश चौधरी, विनित, मनीष उर्फ बैगन, राजीव, प्रद्युमन, सत्यप्रकाश और मुकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया ने पत्रकारों की 30 सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर महाप्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री कार्यालय को ज्ञापन सौपा

एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

नई दिल्ली-देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया ने आज दिल्ली के जंतर मंतर पर महा प्रदर्शन किया ढ्ढ इसमे देश के लगभग 30 पत्रकार संगठनों ले भाग लिया ढ्ढ इन संगठनों के पत्रकारों ने पत्रकारों की दयनीय स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश के पत्रकारों को इस से बाहर निकालना चाहिए तभी पत्रकार देश के विकास मे भागीदार बन सकते है इस मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार देश और दुनियाँ मे होने वाली सभी घंटनाओ को दिखाते और छापते है इन खबरों मे कुछ खबरें सामने वालो को पसंद नहीं आती है जिसके कारण उनकी सुरक्षा की समस्या उत्पन हो जाती है और उन पर फर्जी स्नढ्ढक्रतक दर्ज करा दी जाती है ढ्ढ इसलिए इनकी सुरक्षा सर्वोपरि है वैसे तो देश में सैकड़ों पत्रकार एसोशिएशन है जो पत्रकारों के प्रतिनिधित्व का दावा तो करती है लेकिन इनकी सुरक्षा के बारे मे कोई भी बात नहीं करता है ढ्ढ

**प्रधानमंत्री कार्यालय को दिये गए ज्ञापन मे निम्न मांगो को शामिल किया गया है**

- पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए
- मीडिया आयोग का गठन किया जाए
- प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को भंग करके जिला स्तर पर मीडिया कॉउंसिल बनाये जाए
- पत्रकारों का नेशनल रजिस्टर बनाया जाए
- गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिये उन्हें आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए।
- 60 साल से ऊपर के पत्रकारों को 20 हज़ार रुपये की मासिक पेंशन दी जाए
- पत्रकारो को केंद्रीय राशनिंग प्रणाली से जोड़ा जाए
- देश मे ई-पेपर को मान्यता दी जाए।
- पीआईबी की पत्रकारो को मान्यता देने के लिये जारी नई गाइडलाइन्स को वापिस लिया जाए व सेंट्रल प्रेस एकरीडिशन समिति को भंग किया जाए
- पत्रकारो को सरकारी मान्यता देने की नीति को सरल किया जाए
- पत्रकारो को रियायती दरों पर भूखंड आबंटित किये जायें
- जिला स्तर पर प्रेस कल्ब व मीडिया सेन्टर बनाये जाए
- महिला पत्रकारो के लिये, होस्टल बनाये जाए
- पत्रकारो को इन्शुरन्स कवर उपलब्ध करवाया जाए
- पत्रकार की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए



वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया ने पिछले पांच छ सालों में पत्रकारों के हितों को लेकर कई आंदोलन किए हैढ्ढ उससे देशभर के पत्रकारों में वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया ही अग्रणी संस्था नज़र आती है जो हर तरह से पत्रकारों के लिए और उनके साथ खड़ी होकर उनका हर तरह से सहयोग करती है इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अनीश मिश्रा ने वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के आहवान पर महाप्रदर्शन में आए पत्रकार संगठनों को हर संभव सहायता एवम मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। महाप्रदर्शन में केरल से सीजू , उत्तराखंड के अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता जी ,श्री रजनीश जी ,हरियाणा से कार्यकारी अध्यक्ष श्री विकास सुखीजा जी अध्यक्ष श्री योगेश सूद जी महासचिव श्री संजीव कौशिक जी , मध्य प्रदेश के श्री राजेंद्र जैन जी श्री मधु सिंह नेशनल फाउंडेशन से, श्री शिव कुमार जी जबलपुर से , नेशनल प्रेस क्लब से नंद गोपाल, आई एन एस से प्रदीप महाजन, राम गोपाल, श्री राकेश कुमार के साथ साथ इस अवसर पर ढ्ढछ्वढ्ढ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय राष्ट्रीय सचिव विपिन चौहान के अलाबा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष संदीप शर्मा महासचिव देवेंद्र सिंह तोमर उपाध्यक्ष सुधीर सलूजा उपाध्यक्ष अशोक धवन परामर्शदाता देवेंद्र पंवार,प्रमोद गोस्वामी मीडिया सेक्रेटरी धर्मेंद्र भदौरिया वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मधुर, ईश मलिक प्रीतपाल सिंह, अशोक सक्सेना अशोक धवन, सुनील परिहार नरेंद्र धवन आदि उपस्थित थेढ्ढ